# कार्यालय, भारतीय रेडक्रास सोसायटी
## जिला शाखा कोण्डागांव (छ०ग०)

क्र:: 4379 /01/रेडक्रास/संविदा भर्ती/2024 कोण्डागांव, दिनांक 04/12/2024

### //संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन//

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कोण्डागांव हेतु 01 मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) चलित वाहन के संचालन हेतु मानव संसाधन की अस्थाई संविदा भर्ती निम्नलिखित नियम एवं शर्तों के अधीन किया जाना है। मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) के मानव संसाधन की पूर्ति हेतु वॉक–इन इंटरव्यू से संविदा भर्ती किया जाना है। इच्छुक पात्र उम्मीदवार नीचे दिये गये विवरण अनुसार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में भरकर निर्धारित समय एवं स्थान में स्वयं उपस्थित होकर वॉक–इन इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं।

**रिक्त पदों का विवरण**

| क्र. | पद का नाम | भर्ती हेतु पदो की संख्या | एकमुश्त वेतन | विहित शैक्षणिक अर्हताए | वॉक–इन इंटरव्यू दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लैब टेक्नीशियन | 1 (अनारक्षित) | 18,000/- | BMLT/DMLT with Registration C.G. Paramedical Council | **11.12.2024** |
| 2 | वाहन चालक | 1 (अनारक्षित) | 18,000/- | 8th Passed and Live Heavy Vehicle License | **12.12.2024** |

**वॉक–इन इंटरव्यू के निम्नानुसार चरण होंगें:–**

| क्र. | निर्धारित समय | वॉक–इन इंटरव्यू के प्रकिया के चरण | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 10:30 AM to 12:00AM | अभ्यर्थियों का आवेदन पंजीयन | **पद क्रमांक–1** हेतु दिनांक 11.12.2024 एवं **पद कमांक–2** हेतु दिनांक 12.12.2024 को वॉक–इन इंटरव्यू आयोजित की जावेगी। **स्थान:– कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव (छ०ग०)** |
| 2 | 02:00 PM | प्राप्त आवेदनों की पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन | |
| 3 | 02:00 PM to 03:00 PM | दावा आपत्ति | |
| 4 | 05:00 PM | दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र/अपात्र सूची एवं वरियता सूची , चयन सूची का प्रकाशन | |

उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एस.एल.पी.(सी) क्रमांक 19668/2022 में पारित अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी।

- **आवेदन का तरीका :–**

1. आवेदक जिले के वेबसाइट www.kondagaon.gov.in में विज्ञापन अनुसार आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर भरकर आवेदन कर सकते है।
2. समाचार पत्र में प्रकाशित तिथि अनुसार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–कोण्डागांव (छ.ग.) में अभ्यर्थी के द्वारा स्वयं उपस्थित होकर समय प्रातः 09:00 बजे से 11:00 बजे तक जमा किया जाना अनिवार्य हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदनो को स्वीकार्य नहीं किया जावेगा।

3. विज्ञापन का प्रारूप/खारिज किये गये आवेदकों का पदानुसार विवरण/समय–समय पर दावा आपत्ति की सूचना/लिखित परीक्षा की तिथि/कौशल परीक्षा की तिथि/आवेदनों में छंटनी किये गये अभ्यार्थियों की सूची तथा परीक्षा केन्द्र की जानकारी समय–समय पर जिले के वेबसाइट www.kondagaon.gov.in में उपलब्ध करायी जावेगी। इसके लिए व्यक्तिगत रूप से पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी। इस संबंध में सूचना प्राप्त नहीं होने संबंधी आपत्ति स्वतः खारिज मानी जावेगी। इनका प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव जिला–कोण्डगांव (छ.ग.) में किया जावेगा। चयन के किसी भी स्तर पर या काउन्सलिंग के समय भी यदि आवेदक उपस्थित नहीं होता है, तो इसे उसके कार्य के प्रति अरूचि मानते हुए उसे प्रक्रिया से बाहर माना जावेगा।

- **आवेदन शुल्कः–** भर्ती हेतु निर्धारित आवेदन शुल्क 200 रूपए लिया जाना है। आवेदन शुल्क के लिये जिला रेडक्रास सोसायटी नवीन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोण्डागांव के कक्ष क्रंमाक–05 में विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात कार्यालयीन समय एवं दिवसों में जमा कर पावती लिया जा सकता है। वॉक–इन इंटरव्यू दिनांक को आवेदन के साथ आवेदन शुल्क की जमा पावती संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा बिना पावती संलग्न किये आवेदनों को अमान्य किया जावेगा।

- **भर्ती का तरीका :–** प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर तालिका में दिये अनुसार अभ्यार्थियों को दस्तावेज अवलोकन उपरांत मेरिट सूची जारी की जावेगी एवं प्रवीणता के आधार पर विज्ञापित पद के अनुरूप अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

  - शैक्षणिक योग्यता – 80 प्रतिशत वांछित अनिवार्य योग्यता का भारांक।
  - अनुभव – प्रतिवर्ष 02 अंक के आधार पर अधिकतम 20 अंक।
    – कोविड अनुभव का 10 अंक अतिरिक्त बोनस।
  - **अनुभव अंक का निर्धारण–**

1. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय(केन्द्रीय अथवा राज्य शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मण्डल का ही मान्य होगा। आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, नियुक्ति आदेश संलग्न नहीं होने की स्थिति में अनुभव को अमान्य किया जावेगा।
2. अनुभव प्रमाण पत्र (अंको को गणना हेतु) विज्ञापित पदों पर पद से संबंधित कार्यानुभव हेतु केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय(केन्द्रीय अथवा राज्य शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मण्डल का अनुभव ही मान्य होगा। तथा निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गये पदों के अनुभव मान्य नहीं किये जायेगें।
3. शासकीय अर्द्धशासकीय विभाग के प्रतिवर्ष अनुभव हेतु 02 अंक एवं अधिकतम 10 वर्ष हेतु 20 अंक प्रदान किया जावेगा। अनुभव के अंको की गणना पूर्ण वार्षिक अवधि के आधार पर किया जावेगा, एवं 1 वर्ष से कम की अनुभव पर अंको की गणना नहीं किया जावेगा।
4. छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अटल नगर नवा रायपुर के आदेश पृ.क्र./एफ–1/67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03.02.2022 में दिए गए आदेशानुसार कोरोना महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 06 माह या उससे अधिक निरंतर कार्य अनुभव को 10 बोनस अंक का लाभ प्रदाय की जावेगी। इस हेतु नियुक्ति आदेश तथा नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की मूलप्रति लाना अनिवार्य होगा।

- **चयन प्रक्रिया :–**उपरोक्तानुसार समस्त अभ्यार्थियों का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वॉक–इन इंटरव्यू लिया जावेगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांक, अनुभव के प्राप्तांक एवं साक्षात्कार के प्राप्तांक के कुल योग के आधार पर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

- **आवेदन संबंधी शर्ते एवं अन्य दिशा–निर्देश :–**

1. उक्त विज्ञापन से संबंधित जानकारियॉ जिले के वेबसाइट www.kondagaon.gov.in में प्रकाशित की जावेगी, तथा इसके संबंध में पत्र के माध्यम से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। अतः वेबसाइट के निरन्तर अवलोकन की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
2. अभ्यर्थी का छ0ग0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे। जिला कोण्डागांव के मूल निवासियों को प्राथमिकता दिया जावेगा।
3. प्रत्येक आवेदकों को चाहिये कि विज्ञापन में दिये गये दिशा निर्देशों में सभी जानकारी देखकर एवं सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरे, यदि कोई भी जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है, तो उक्त अपूर्णता के आधार पर आवेदन को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
4. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकाना होगा।
5. उपरोक्त पद पर आवेदन के साथ वांछित योग्यता प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं चिकित्सकीय मेडिकल कौंसिल पंजीयन जीवित प्रमाण पत्र, वाहन चालक हेतु हैवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति स्वयं सत्यापित कर एवं आवेदन शुल्क की जमा पावती संलग्न करें। उपरोक्त दस्तावेज संलग्न नहीं किये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति का होगा।
6. आवेदन भरने की तिथि तक आवेदक के समस्त प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना आवश्यक है। आवेदक को चाहिये कि आवेदन करते समय आवश्यक सावधानी बरते।
7. नियुक्ति एक वर्ष हेतु पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय होगा, जो कि प्रत्येक वर्ष अधिकारी/कर्मचारी के वार्षिक मूल्यांकन कर अनुशंसा के आधार पर अथवा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा रायपुर छ.ग. से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर सेवा की निरन्तरता का निर्धारण किया जावेगा, एवं कार्य असंतोषप्रद पाये जाने की स्थिति में तत्काल पदविमुक्त किया जावेगा।
8. चयनित अभ्यार्थी की सेवा संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में किसी भी समय संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। चयनित अभ्यार्थी को त्यागपत्र देने से पूर्व 01 माह का सूचना देना अन्यथा 01 माह का मानदेय के समतुल्य राशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
9. आवेदक हेतु आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष अन्य पद हेतु होगी। आयु की गणना 01 जनवरी 2024 की स्थिति में की जावेगी।
10. जन्म तिथि के सत्यापन हेतु 10 वीं की अंकसूची ही मान्य होगी। पद कमांक 02 वाहन चालक पद हेतु 8 वीं की अंकसूची मान्य होगी।
11. सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रकार का मानदेय प्रदाय नहीं किया जावेगा।
12. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अहर्ताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे, अन्य आवेदन निरस्त किये जायेंगें।
13. अभ्यर्थी वाक–इन पद्धति के समस्त चरणों में उपस्थित रहें। वाक–इन पद्धति में किसी भी चरण में अनुपस्थित पाये जाने पर अभ्यर्थी के उम्मीदवारी स्वतः समाप्त कर दी जावेगी, जिसके संबंध में कोई सूचना प्रदाय नहीं की जावेगी।
14. आवेदक को वाक–इन में उपस्थिति होने के लिए विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

15. आवेदन मात्र करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जावेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी एवं कार्यादेश जारी होने पर ही नियुक्ति मान्य की जावेगी।
16. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र केवल मान्यता प्राप्त पंजीकृत संस्थाओं का ही मान्य होगा।
17. विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता के कम के अनुसार भर्ती में चयन हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। यदि 02 या 02 से अधिक आवेदकों के कुल प्राप्तांक समान हो तो उनके चयन के प्राथमिकता का क्रम निम्नानुसार होगाः—
    1. आयु (अधिक आयु वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
    2. अनुभव (अधिक अनुभव वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)
    3. कोविड अनुभव (06 माह का कार्यनुभव रखने वाले आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा)।
18. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले एवं विज्ञापन में दी गई निर्देशों/नियम शर्तो को पूरा करने पर ही निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रेषित् करेगें। आवेदक के द्वारा सावधानी पूर्वक जानकारी आवेदन में अंकित करेगें, आवेदन त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण होने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगें। इसके लिए नियोक्ता जिम्मेदार नहीं होंगे।
19. शासकीय/अर्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ताकर्ता द्वारा जारी **"अनापत्ति प्रमाण पत्र"** प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा, अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।
20. प्रतिक्षा सूची— विज्ञापित पद के लिए प्राप्त आवेदनों के शैक्षणिक योग्यता एंव अनुभव के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। आवश्यकतानुसार इसी मेरिट कम में कार्यादेश समय—समय पर जारी किया जावेगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण नहीं करने/ त्यागपत्र देने अथवा किसी भी कारण से पद रिक्त होने की स्थिति में मेरिट सूची क्रम अनुसार अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा।
21. किसी भी विवाद पर अंतिम निर्णय लेने का सर्व अधिकार गठित चयन समिति को होगा।
22. विज्ञापन में तथ्यात्मक/लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर पर सुधारी जा सकती है। ऐसा त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी। इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
23. भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों को उनके योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार चयन समिति का होगा।
24. निर्धारित तिथि/समय पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
25. आपराधिक प्रवृत्ति एवं कदाचार व अनैतिक कार्य में लिप्त पाये गये आवेदक द्वारा आवेदन करने पर उनका आवेदन स्वत: निरस्त माना जावेगा।
26. चयन उपरान्त् यदि कोई जानकारी असत्य/फर्जी पाई जाती है, तो नियुक्ति समाप्त कर दी जायेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।
27. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई या निरस्त की जा सकती है। चयन का पूरा अधिकार जिला चयन समिति का होगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**सह पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी**
**जिला—कोण्डागांव (छ0ग0)**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

विज्ञापन क्र. व दिनांक ..........................................................
आवेदित पद का नाम ..........................................................

स्वयं द्वारा सत्यापित नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
सह् पदेन सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी,
जिला–कोण्डागांव (छ.ग.)

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में) : ..........................................................
   (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) ..........................................................
2. पिता / पति का नाम : ..........................................................
3. माता का नाम : ..........................................................
4. अ) जन्मतिथि (अंकों में) : ..........................................................
   ब) आयु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में : वर्ष .................. माह.................... दिन..................
5. जाति (सामान्य / अजा. / अजजा / अपिव) : ..........................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
6. छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं : ..........................................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करें)
7. क्या आप किसी न्यायालय / विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / शैक्षिक संस्था में आपके विरूद्ध कोई मामला लंबित है (यदि हॉ तो पूर्ण विवरण लिखें) : ..........................................................
8. क्या आप किसी आपराधिक प्रकरण में गिरफ्तार किये गये है क्या आप पर अभियोजन चलाया गया है (यदि जुर्माना हुआ है या आप किसी अपराध में न्यायालय द्वारा दोषी ठहराये गये है तो पूर्ण विवरण दें तथा साथ में अपराध क्र. धारा जिला सहित पूर्ण विवरण दर्शायें) : ..........................................................
   : ..........................................................
9. स्थानीय निवास का पता : ..........................................................
   ..........................................................
   ..........................................................
10. वर्तमान पत्र व्यवहार का पता : ..........................................................
   ..........................................................
   ..........................................................

मोबाईल नं. ..........................................................
ई–मेल आईडी ..........................................................

11. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थान में सेवारत है। हां/नहीं (यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) : ....................................................

12. यदि आवेदित पद से संबंधित अनुभव प्राप्त है तो उनका विवरण देंवे : ....................................................
....................................................

13. पैरामेडिकल कौंसिल पंजीयन का नाम : ....................................................
एवं पंजीयन क्रमांक तथा दिनांक ....................................................

14. आवेदन शुल्क का विवरण : ....................................................

15. शैक्षणिक योग्यता : (विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का ही विवरण भरा जावें)

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | शैक्षणिक उत्तीर्ण परीक्षा का वर्ष | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक | विज्ञापन में प्रकाशित शैक्षणिक योग्यता का प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(टीप :—शैक्षणिक योग्यता का पूर्णांक/प्राप्तांक एवं प्रतिशत स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए अन्यथा आवेदन अमान्य माना जावेगा।)

16. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की सूची व संख्या :
1. आठवीं/दसवीं/बारहवीं की अंकसूची ....................................................
2. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का) ....................................................
3. जाति प्रमाण पत्र ....................................................
4. मूल निवास प्रमाण पत्र ....................................................
5. मेडिकल कौंसिल पंजीयन प्रमाण पत्र ....................................................
6. अन्य ....................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम....................................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ, कि इस आवेदन में दी गयी जानकारी पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है। जो किसी भी स्थिति में असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीद्वारी निरस्त हो जावेगी तथा भर्ती संबंधी मेरे सभी दावे समाप्त हो जाएंगे।

स्थान..........................

दिनांक..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम....................................................